एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर

एन.सी.सी. प्रवेश सूचना 2026

सत्र 2026–27 में नवप्रवेशित बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों से महाविद्यालय में संचालित एन.सी.सी. में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते है। आवेदन पत्र एवं प्रवेश प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी के लिए नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करें।

पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक कमरा नं. 3 में जमा करवाये। अन्तिम तिथि 22.08.2026 को सायं 05.00 बजे के पश्चात किसी भी परिस्थिति में आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

एनसीसी में प्रवेश प्रक्रिया, 7 राज बटालियन एनसीसी के अधिकारियों द्वारा मेडिकल जांच/साक्षात्कार परीक्षा एवं अन्तिम अर्हता परीक्षा के अंकों के आधार पर निर्मित वरीयता सूची के अनुसार इस वर्ष हेतु कुल उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर संपादित की जायेगी। प्रवेश की सम्पूर्ण प्रक्रिया कमान अधिकारी, 7 राज बटालियन एनसीसी के निर्णयाधीन रहेगी। मेडिकल जांच/साक्षांत्कार परीक्षा की संभावित तिथि 25.08.2026 एवं समय प्रातः 10.00 बजे से महाविद्यालय के जिम्नेजियम हॉल में है। इस तिथि में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना हेतु एनसीसी कार्यालय के सूचना पट्ट का नियमित अवलोकन करते रहे।

- मेडिकल सर्टिफिकेट राजकीय अस्पताल के डॉक्टर का मान्य होगा। जिसके पास RMC नम्बर हो।
- निजी अस्पताल के डॉक्टर द्वारा बनाया हुआ मेडिकल सर्टिफिकेट मान्य नहीं होगा।
- मेडिकल सर्टिफिकेट के अभाव में आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।
- शपथ पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना है। शपथ पत्र के अभाव में आवेदन निरस्त होगा।
- समस्त दस्तावेज आवेदन फॉर्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

फॉर्म भरने हेतु आवश्यक दस्तावेजों एवं सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया हेतु कमान अधिकारी कार्यालय से जारी दिशा निर्देशों का आवश्यक रूप से अवलोकन करें। भर्ती तिथि को दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक सभी मूल दस्तावेजों – स्वयं के नाम के बैंक खाते की पासबुक, आधार कार्ड, 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। आवेदन पत्र जमा करवाते समय दिया गया टोकन तथा महाविद्यालय में प्रवेश हेतु भरे गये आवेदन पत्र की छायाप्रति अपने साथ आवश्यक रूप से लेकर आयें जिसके अभाव में भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी स्वयं की होगी।

प्राचार्य
प्राचार्य
से.बु.दु.रा.स्नातकोतर महा.विधालय
सरदारशहर,चूरु

एनसीसी प्रभारी
लेफ्टिनेंट कमलेश कुमार जोशी
एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर (चूरू)